
RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 07 अक्टूबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 150 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## एक साल बाद कत्ल का सनसनीखेज खुलासा... पति ही निकला कातिल!



**मुंबई :** मुंबई के पास वसई के बीच पर एक सिर कटी लाश बरामद हुई. ये लाश एक लड़की की थी, जो काले रंग के एक सूटकेस में पैक थी. पुलिस लाश को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाने के साथ-साथ उसके कटे सिर को ढूंढने की कोशिश शुरू कर दी. कोशिश लाश की पहचान पता करने की भी होती है, लेकिन ये कोशिश करते-करते करीब साल भर का वक्त गुजर जाता है. मगर पुलिस को कोई भी सुराग हाथ नहीं लगता, लेकिन तभी एक रोज अचानक एक शख्स एक लड़की को ढूंढता हुआ पुलिस के पास पहुंचा और फिर उस सिर कटी लाश का खौफनाक राज खुला तो सबके होश उड़ गए. उस दिन मुंबई के पास वसई इलाके में वसई भुईगांव बीच पर कीचड़ में लोगों को काले रंग का एक बड़ा सा सूटकेस पड़ा मिलता है. खबर पुलिस तक पहुंचती है और पुलिस फौरन मौका-ए-वारदात पर पहुंच जाती है. मामला पहली ही नजर में बेहद संदिग्ध लगता है, क्योंकि यूं एक सुनसान बीच पर किसी सूटकेस के पड़े होने का और कोई मतलब समझ में नहीं आता.

# दशहरा रैली को लेकर देवेंद्र फडणवीस का बड़ा बयान

## कहा–'भीड़ ने बताया दिया असली शिवसेना कौन है'



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की दशहरा रैली में जुटी 'भारी' भीड़ दिखाती है कि असली शिवसेना का नेता कौन है। उन्होंने उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना की बुधवार को हुई रैली के लिए अपमानजनक शब्द 'शिमगा' का इस्तेमाल किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि नागपुर में धम्मचक्र परिवर्तन दिवस उत्सव में व्यस्त होने के कारण उन्होंने दोनों नेताओं के भाषण बाद में यू ट्यूब के जरिये सुने। फडणवीस ने कहा, ''मैं उद्धव ठाकरे के भाषण पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। 'शिमगा' पर कोई प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है।'' शिमगा का आयोजन महाराष्ट्र में होली के त्योहार से पहले किया जाता है और इस दिन लोग अलाव जलाते हैं एवं इनमें हिस्सा लेने वाले परंपरा के तौर पर एक दूसरे को हल्के-फुल्के अंदाज में अपशब्द कहते हैं। भाजपा नेता ने कहा, '' भाषण में कुछ भी नहीं था, सिवाए शिमगा।'' उन्होंने कहा, ''बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) मैदान की क्षमता शिवाजी पार्क (जहां ठाकरे ने रैली की) से दोगुनी थी और वहां पर भारी भीड़ जुटी थी, बीकेसी मैदान में तिल रखने की जगह नहीं थी।शिवसैनिकों ने साबित कर दिया कि शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ही वास्तविक शिवसेना है और मैं इसलिए उन्हें बधाई देना चाहता हूं।'' वहीं, जून महीने में शिवसेना नेतृत्व से बगावत कर और भाजपा के साथ सरकार बनाने वाले शिंदे की रैली पर विपक्ष ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वह रैली में भाजपा का ''आलेख'' पढ़ रहे थे। इस बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा कि जो ऐसा कह रहे हैं उन्हें नए लेखक की तलाश करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''आप कितनी बार एक ही बात कहेंगे? आप अपने लेखक को

## आवासीय सोसाइटी में हुई 82 लाख रुपये की धोखाधड़ी, 5 के खिलाफ मामला दर्ज



**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे में एक रिहायशी सोसाइटी के 82 लाख रुपये के कोष को गबन करने में कथित रूप से शामिल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों में राज्य सहकारिता विभाग का एक अधिकारी भी शामिल है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि आवासीय सोसाइटी में ऑडिट किया जा रहा था जिसमें 82 लाख रुपये की अनिमियतता का पता चला। उन्होंने बताया कि इसके बाद वर्तक नगर थाने में मामला दर्ज कराया गया।

# मुंबई एयरपोर्ट में 16 किलोग्राम हेरोइन के साथ शख्स हुआ गिरफ्तार...

## 80 करोड़ रुपये से अधिक है ड्रग्स इनकी कीमत



**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय ने मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एक बार फिर हाई क्वॉलिटी का हेरोइन बरामद किया है. अ्क्र की टीम ने एयरपोर्ट पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से 16 किलो हाई क्वॉलिटी का हेरोइन जब्त किया है. इस ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 80 करोड़ रुपए से ज्यादा की बताई जा रही है.

बताते चलें कि हाल ही में मुंबई के वाशी में अ्क्र ने बड़ी मात्रा में ड्रग्स पकड़ी थी. डीआरआई के मुताबिक, 198 किलो क्रिस्टल मेथमफेटामाइन और 9 किलो कोकीन पकड़ी गई थी. इनकी बाजार में कीमत 1476 करोड़ रुपये आंकी गई थी. यह ड्रग्स विदेशी संतरों की आड़ में लाई जा रही थी. जानकारी के मुताबिक, डीआरआई की टीम को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में बड़ी मात्रा में क्रिस्टल मेथमफेटामाइन और कोकीन की तस्करी हो रही है.

DRI टीम ने वाशी के पास इस ट्रक को घेर लिया और तलाशी ली. तलाशी में पता चला कि ट्रक में वैलेंशिया के संतरे जा रहे हैं. उसके बाद उसके बक्सों को खोला तो उसमें से ड्रग्स निकली. जांच में पता चला कि विदेशी संतरों की आड़ में 198 किलो क्रिस्टल मेथमफेटामाइन और 9 किलो कोकीन की तस्करी की जा रही थी.

इसी तरह से चार दिन पहले मुंबई एयरपोर्ट के कस्टम विभाग ने भी 5 किलो हेरोइन के साथ एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया था. उसके पास से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 34 करोड़ रुपये आंकी गई थी.

### मुंबई में NCB ने ब्लैक कोकीन भी की थी जब्त

हाल ही में एनसीबी के मुंबई जोन ने भारी मात्रा में ब्लैक कोकीन भी जब्त की थी. तीन किलोग्राम से ज्यादा इस ब्लैक कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग तीन करोड़ रुपये आंकी गई थी. यह अपने आप में पहला मामला बताया जाता है, जब ब्लैक कोकीन जब्त की गई थी. एनसीबी मुंबई के मुताबिक ब्लैक कोकीन को पकड़ना काफी मुश्किल होता है. इसकी स्मेल स्निफर डॉग भी नहीं पकड़ पाते.

# मुंबई के कुर्ला इलाके में नाले से मिला महिला का शव, बोरी में बांधकर फेंका गया था

**मुंबई:** मुंबई के कुर्ला इलाके में एक नाले में बोरी के अंदर महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाचार एजेंसी एएनआइ के अनुसार मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, आगे की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार महिला की उम्र 25 साल के आसपास बतायी जा रही है, उसे हाथ और पैर रस्सी से बंधे हुए थे। जिससे लग रहा है कि नाले में फेंकने से पहले उसकी हत्या की गई थी।

### राहगीर की पड़ी बोरी पर नजर

दरअसल वहां से गुजर रहे किसी राहगीर



की नजर उस बोरी पर पड़ी तो उसने इस बारे में स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस आसपास के इलाकों से लापता लोगों के बारे में जानकारी एकत्रित कर रही है। जल्द ही महिला की पहचान हो जाएगी। इस मामले में अभी इतनी ही जानकारी मिल पायी है, अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### 40 वर्षीय माडल का पंखे से लटका मिला शव

गौरतलब है कि बीते कुछ दिन पहले एक 40 वर्षीय माडल का शव मुंबई के अंधेरी इलाके में एक होटल के कमरे से पंखे पर लटका हुआ मिला था। माडल ने रात 8 बजे होटल में चेक इन किया और डिनर के लिए भी आर्डर किया था। आर्डर लेकर आए स्टाफ ने कई बार उसे फोन किया लेकिन उसने न तो दरवाजा खोला और न ही फोन पिक किया। होटल के मैनेजर ने तुरंत घटना के बारे में पुलिस को सूचित किया। जब होटल स्टाफ ने पुलिस की मौजूदगी में मास्टर चाबी से दरवाजा खोला तो माडल का शव पंखे से लटका मिला।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# समता की ममता...

देश में शिशु मृत्यु दर में लैंगिक भेदभाव का अंतर कम होना निस्संदेह उत्साहवर्धक संकेत कहा जा सकता है। जो समाज में सकारात्मक सोच का ही पर्याय नहीं है बल्कि हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का भी परिचायक है। दरअसल, एक हजार शिशुओं में जीवित रहने वाले शिशुओं की अधिक संख्या किसी भी समाज की लैंगिक समानता की सोच व स्वास्थ्य देखभाल के मानकों का महत्वपूर्ण संकेत माना जाता है। आज हम असहज करने वाली स्थितियों से तो बाहर आये हैं लेकिन वैश्विक आंकड़ों में अभी भी पिछड़े हैं। जिस भी देश में शिशु मृत्यु दर अधिक होगी, उसके मायने यह हैं कि शिशु के अपने पहला साल पूरा करने में उतना अधिक जोखिम बना हुआ है। भारत में आईएमआर यानी शिशु मृत्यु दर का 28 होना साधारण स्थिति नहीं कही जा सकती। यह आंकड़ा न केवल अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और जापान जैसे विकसित देशों से अधिक है बल्कि हमारे पड़ोसी देश श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल की तुलना में भी अधिक है। जो हमारी गहरी चिंता का विषय होना चाहिए। वैसे तो भारत में लंबे समय तक लड़कों की तुलना में लड़कियों के एक वर्ष से कम समय में मरने का प्रतिशत ज्यादा रहा है। कन्या शिशु मृत्यु दर के अधिक होने के मूल में जहां कुपोषण, गरीबी व लचर स्वास्थ्य सेवाएं रही हैं, वहीं हमारे पितृसत्तात्मक समाज की सोच भी कारक रही है जिसे लिंग पूर्वाग्रह के रूप में देखा जाता रहा है। कालांतर इसमें सुधार आया है। वर्ष 2020 से कन्या व बालक शिशु मृत्यु दर में साम्य देखा गया। जैसा कि रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना कमिश्नर द्वारा जारी सेंपल रजिस्ट्रेशन प्रणाली की सांख्यिकी रिपोर्ट में इंगित किया गया है। निस्संदेह, स्थितियों में बदलाव साक्षरता में वृद्धि, सामाजिक चेतना तथा लड़के-लड़की में भेदभाव की सोच का कम होना है। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार भी इस परिवर्तन की वजह बना है जिसे भारतीय समाज में सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए।

दरअसल, ऐसा भी नहीं है कि शिशु मृत्यु दर में लैंगिक समानता का आंकड़ा पूरे देश में एक समान ही हो। कई राज्यों में आज भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिन राज्यों में कन्या शिशु मृत्यु दर आज बालक से कम है, उनमें केरल, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। छत्तीसगढ़, यूपी, पंजाब, असम और राजस्थान जैसे राज्यों में स्थिति इसके विपरीत है। दिल्ली, महाराष्ट्र और उत्तराखंड में कन्या शिशु व बालक शिशु मृत्यु दर समान ही है। देश के विभिन्न राज्यों में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों में केरल शीर्ष पर है। यहां कुल आईएमआर सिर्फ छह है। यहां तक कि राज्य में प्रति एक हजार जन्मों में केवल दस बालक शिशु तथा कन्या शिशु की मृत्यु दर तीन है। निस्संदेह राष्ट्रीय स्तर पर कई राज्यों में उत्साहजनक प्रवृत्ति देखने में आई है। इसमें जहां माता-पिता की सोच में सकारात्मक बदलाव आया है वहीं स्वास्थ्य कर्माचरियों की ओर से भी बेहतर देखभाल व उपचार मिल रहा है। इसीलिए जब शिशु मृत्यु दर के कारणों का जिक्र होता है तो लिंग भेदभाव की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई है। वहीं मृत्यु दर की अन्य वजहों में बच्चे के समय पहले जन्म, जन्म के समय वजन का कम होना तथा प्रसूता की गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं की उसमें भूमिका रही है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हरियाणा व अन्य राज्यों में चलायी गई 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी रचनात्मक पहलों ने बालिकाओं के भरण-पोषण में ध्यान देने तथा लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। निस्संदेह कहा जा सकता है कि समाज में सोच बदलने की गति चाहे धीमी हो लेकिन इसमें धनात्मक बदलाव महसूस किया जा रहा है। निस्संदेह, आर्थिक दृष्टि से पिछड़े राज्यों में नवजात लड़कियों को बचाने तथा आईएमआर में लिंग अनुपात में सुधार लाने के लिये अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# रेलवे स्टेशन पर महिला को जबरन किस कर रहा था युवक

**मुंबई :** रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों से सफर करने वाली महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले लगातार सामने आ रहे हैं. ताजा मामला गोरेगांव रेलवे स्टेशन का है. यहां एक महिला के साथ खुलेआम छेड़छाड़ की घटना सामने आई है. हालांकि रेलवे पुलिस ने महिला के साथ बदतमीजी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछ पहुचा दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

### आरोपी ने महिला को किस करने की कोशिश की थी

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी 27 साल का युवक है. उसने रेलवे स्टेशन पर महिला के साथ छेड़छाड़ तो की ही थी वहीं उसने पीड़िता को जबरन किस करने की भी कोशिश की थी. अचानक घटी इस घटना से पीड़ित महिला भी घबरा गई और चिल्लाने लगी. जिसके बाद,मौके पर मौजूद



अन्य लोगों ने पीड़ित महिला को बचाया और आरोपी को पकड़ कर प्लेटफॉर्म पर खड़े जीआरपी के कर्मचारियों के हवाले कर दिया.

### कोर्ट ने आरोपी को जीआरपी की कस्टडी में भेजा

वहीं बोरीवली जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहा कोर्ट ने 2 दिनो के लिए बोरीवली जीआरपी की कस्टडी में भेज दिया है. वैसे ये पहला मामला नहीं है इससे पहले भी मुंबई लोकल ट्रेनों में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले सामने

## GRP ने किया गिरफ्तार

आते रहे हैं. हाल ही मेंजोगेश्वरी रेलवे स्टेशन पर एक लोकल ट्रेन के फर्स्ट क्लास कम्पार्टमेंट में अकेले यात्रा कर रही एक 25 वर्षीय वकील के साथ छेड़छाड का मामला सामने आ[illegible] था. आरोपी अंधेरी स्टेशन से महिलाओं के लिए रिजर्व फर्स्ट क्लास कंपार्टमेंट में चढ़ा था. इस दौरान आरोपी ने पीड़िता को शारीरिक तौर पर उत्पीड़न किया था. पीड़िता ने ट्विटर पर भी अपनी आपबीती शेयर की थी. जिसके बाद जीआरपी ने कार्रवाई करते हुए चार टीमों का गठन किया था और 43 वर्षीय आरोपी बिहारीलाल यादव को महालक्ष्मी इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया था. आरोपी का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड भी मिला है.


# तीन महीने पहले मर चुके आदमी के खिलाफ अब FIR दर्ज...




**मुंबई :** तीन महीने पहले एक आदमी की मौत हो चुकी है लेकिन इसके बाद अब पुलिस ने उसके खिलाफ FIR दर्ज की है। ये मामला थोड़ा हैरान करने वाला है। आमतौर पर किसी जिंदा व्यक्ति के नाम पर ही FIR दर्ज होती है। जब ये खबर लोगों तक पहुंची तो कई लोग तो ये सुनकर ही हैरान रह गए कि भला मृतक के खिलाफ केस दर्ज करने से क्या मतलब? ये मामला मुंबई का है। यहां शिवाजी नगर पुलिस ने शकील खान नाम के एक मृतक के खिलाफ मर्डर का केस दर्ज किया।

# ठाणे में इमारत की 18वीं मंजिल पर लगी आग

## 10 लोगों का किया गया रेस्क्यू



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक आवासीय इमारत की 18वीं मंजिल पर बुधवार को आग लग गई। आग की वजह से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद 10 लोगों का रेस्क्यू किया। ठाणे नगर निकाय के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख अविनाश सावंत ने बताया कि दोपहर करीब दो बजे घोडबंदर रोड के पाटलीपाड़ा इलाके में यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि 27 मंजिला इमारत की 18वें फ्लोर पर आग लगी। आग की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और आरडीएमसी कर्मियों की एक टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि, अभी आग लगने के कारणों का मालूम नहीं चल सका है। इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ है। ठाणे जिले के खड़कपाड़ा इलाके में मोहन अल्टिजा इमारत की तीसरी मंजिल में आग लगने से दो फ्लैट जलकर खाक हो गए। पहले तो लोगों ने धुंए को कोहरा समझा, लेकिन जैसे ही आग की लपटे उठने लगी। तभी मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह से तीसरी मंजिल पर कई लोग फंस गए। जिन्हें दमकल कर्मियों ने सुरक्षित निकाल लिया। हालांकि, कुछ लोगों को साड़ी के सहारे भी तीसरी मंजिल से निकाला गया। अभी आग लगने की वजह साफ नहीं हो सकी है।


# मुंबईकरों को मिलेगी 24 घंटे पानी की सुविधा

**मुंबई :** मुंबईकरों को अब 24 घंटे पानी की सुविधा मिलेगी। शहर में 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने के लिए बीएमसी की गारगाई-पिंजाल प्रॉजेक्ट अहम भूमिका निभाएगी। पिछले तीन सालों में गारगाई-पिंजाल प्रॉजेक्ट करीब ठंडे बस्ते में चला गया था। महाराष्ट्र में शिंदे सरकार आने के बाद इस प्रॉजेक्ट को एक बार फिर स्पीड मिल गया है। प्रॉजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण का काम पालघर कलेक्टर के माध्यम से शुरू हो गया है। इसके साथ ही पर्यावरण की मंजूरी के लिए राज्य सरकार के जरिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है।

इसके बारे में बीएमसी कोस्टल रोड प्रॉजेक्ट के चीफ इंजिनियर वसंत गायकवाड ने बताया कि गार्गे-पिंजाल प्रॉजेक्ट बीएमसी की प्राथमिकता लिस्ट में है। प्रॉजेक्ट की डिवेलपमेंट ऑफ प्रॉडक्शन इन्फ्रास्टक्चर करीब-करीब बनकर रेडी हो गई है। इसके साथ ही, प्रॉजेक्ट का सर्वे, पर्यावरण, फॉरेस्ट और वाइल्ड लाइफ क्लियरेंस का काम जारी है। प्रॉजेक्ट के लिए तानसा वाइल्डलाइफ सेंचुरी की भी जमीन के अधिग्रहण की आवश्यकता है। इसके लिए केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्रालय की इजाजत की जरूरत है। इसके लिए राज्य सरकार ने



प्रस्ताव केंद्र को भेजा है। गायकवाड ने आगे बताया कि इस प्रॉजेक्ट के लिए सबसे बड़ी चुनौती भूमि अधिग्रहण की है। पालघर कलेक्टर के माध्यम से भूमि अधिग्रहण का काम जारी कर दिया गया है। प्रॉजेक्ट के लिए 840 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता हैं , जिसमें 670 हेक्टेयर जमीन फॉरेस्ट विभाग की है। बीएमसी की योजना के मुताबिक, गारगाई प्रॉजेक्ट से मुंबई को रोजाना 450 एमएलडी पानी मिलेगा। इस प्रॉजेक्ट को साल 2024-25 तक पूरा करने का टारगेट बनाया गया था। 3105 करोड़ के इस प्रॉजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण व लगभग 1000 परिवारों को विस्थापित किया जाना है। इस प्रॉजेक्ट पर बीएमसी ने करीब 15 करोड़ रुपये कंसल्टिंग फीस के रूप में खर्च किया है। पालघर जिले के वाडा तालुका स्थित ओगदे गांव के पास गारगाई नदी पर गारगाई झील का निर्माण किया जाएगा।



# आपका वर्क फ्रॉम होम, हमारा वर्क विदाउट होम- सीएम शिंदे

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की प्रमुख पार्टी शिवसेना में विद्रोह के बाद उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट आज दशहरा रैली के जरिए शक्ति प्रदर्शन करेंगे। आज दोनों खेमे अपनी-अपनी राजनीतिक ताकत व एजेंडे को सबके सामने रखेंगे। इसके लिए पिछले कई दिनों से बड़ी तैयारियां की जा रही थीं।

महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा की जब महाविकास अघाड़ी सरकार बनी तो उस वक्त एकनाथ शिंदे चुप क्यों थे क्या उनकी दाढ़ी उनके मुंह में घुस गई थी। जिन्होंने ने गद्दारी की वो गद्दार ही रहेंगे दशहरा रैली में उद्धव ठाकरे का एकनाथ शिंदे पर हमला। मुझे कभी भी डर नहीं था की मेरी शिवसेना खत्म हो जाएगी, लेकिन आज जो लोग यह रैली देख रहें हैं उन्हें जरूर पता लग जाएगा की शिवसेना की ताकत क्या है। उद्धव ने रैली में एकनाथ शिंदे को बताया खोखासुर, उद्धव ने कहा की इस बार का रावण 50 खोखे का खोखासुर है साथ ही उन्होंने एकनाथ शिंदे को कटप्पा बुलाया।

दशहरा रैली में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर भी जमकर हमला बोला हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि बीजेपी हमें हिंदुत्व सिखाए इसकी हमें जरूरत नहीं हैं। हमने बीजेपी का साथ छोड़ा है इसका मतलब यह नहीं कि हिंदुत्व छोड़ा है। हर चीज महंगी हो रही है। क्या महंगाई की बात नहीं करूं? आरएसएस के होसबोले ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी को लेकर बीजेपी को आइना दिखाया हैं।

शिवाजी पार्क में उद्धव गुट व शहर के बांद्रा इलाके में स्थित बीकेसी ग्राउंड में शिंदे गुट की दहशरा रैली होगी। इन रैलियों में आने वाली भारी भीड़ के अनुमान से प्रशासन व पुलिस बेहद सतर्क हैं। जबकि बीती रात से ही शहर में राज्य के अन्य हिस्सों से दोनों गुटों के समर्थकों के आने का सिलसिला जारी है। सीएम शिंदे ने कहा कि कोरोना काल के दौरान उनका (उद्धव) वर्क फ्रॉम होम शुरू था। हम वर्क विदाउट होम वाले हैं। कोरोना में लोग मर रहे थे। सिविल सर्जन ने कोरोना सेंटर में जाने से मना किया। लेकिन मैं गया। जो काम करने से घबरा रहे थे, उनको काम पर लगाया। पीपीई किट पहन कर मैं हॉस्पिटल-हॉस्पिटल घूम रहा था। हॉस्पिटल ठीक से काम करें, इस मुहिम



में लगा था। महाराष्ट्र के बीकेसी ग्राउंड में दशहरा रैली में सीएम एकनाथ शिंदे ने शिवसैनिकों को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे के आरोपों पर पलटवार किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बाला साहेब के विचारों को आपने समर्थन किया। हमें पूरे महाराष्ट्र में लोगों का भारी जनसमर्थन मिल रहा है। यहां जुटने वाली भीड़ इस बात का साक्षी है।

सीएम एकनाथ एकनाथ शिंदे ने कहा कि मैं बहुत बातें बता सकता हूं। लेकिन मैं ऐसा नहीं करूंगा। आज तो बस इतना कहता हूं कि 2019 में मुझे डिप्टी सीएम बनाए जाने की बात चल रही थी। तभी मुझे बताया गया। मैंने बिना सोचे समझे कहा कि नहीं, आप आगे बढ़िए मैं पीछे खड़ा हूं। हम छोड़ने वाले लोग हैं। लेकिन आपने एक झटके में सीएम की कुर्सी के लिए बालासाहेब के विचारों को छोड़ दिया।

सीएम एकनाथ एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि बालासाहेब ठाकरे के सपने को पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पूरा किया है। ऐसे लोगो के खिलाफ बोलना ठीक नहीं है। बालासाहेब का सपना था राम मंदिर बने, पीएम मोदी ने कर दिखाया। बालासाहेब का सपना था कश्मीर से धारा 370 हटे, अमित शाह ने वो कर दिखाया।

सीएम एकनाथ एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मतदाताओं ने आपको और बीजेपी को विधानसभा चुनाव में चुना, लेकिन आपने कांग्रेस और एनसीपी से गठबंधन कर लोगों को धोखा दिया। उद्धव ठाकरे कांग्रेस-एनसीपी की धुन पर नाचते रहे। उन्होंने कहा कि हमने गद्दारी नहीं की। गद्दारी हुई थी लेकिन 2019 में। महाविकास अघाड़ी बनाकर गद्दारी की गई थी।

महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने बीकेसी रैली में कहा कि सबको जवाब मिल गया असली शिवसेना कौन है। मैं एक आम शिवसैनिक हूं। बालासाहेब के विचारों को आपने समर्थन दिया है। उन्होंने कोर्ट से से शिवाजी पार्क तो मिल गया लेकिन बालासाहेब के विचार हमारे साथ हैं। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि बिल्किस बानो के हिंसक तरीके बलात्कार कर हत्या हुई थी। उसके गुनहगार छूटे तो गुजरात में सम्मान किया गया और आज मोहन भागवत अपने विजयादशमी के भाषण में महिला शक्ति का सम्मान सिखा रहे हैं। हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज के पास ऐसी ही एक महिला लाई गई थी। छत्रपति शिवाजी महाराज ने उन्हें ससम्मान सुरक्षित पहुंचाया था। यह है हिंदुत्व। दुश्मनी महिला से नहीं थी। दुशमन कैंप की भी महिला का सम्मान कैसे करते हैं, उनसे सीखिए।'

उद्धव ठाकरे ने देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधते हुए कहा की वह काफी सभ्य इंसान है। उन्होने कहा था की वो वापिस आएंगे और सरकार बनाएंगे लेकिन तीन दिन में उनकी सरकार का विसर्जन हो गया। और अब सरकार में आये है तो उपमुख्यमंत्री बन कर आये हैं। दशहरा रैली में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अमित शाह पर भी निशाना साधा। उद्धव ठाकरे ने कहा कि अमित शाह जी के बारे में पता नहीं चलता कि वे देश के गृहमंत्री हैं कि बीजेपी के गृहमंत्री हैं। वह हर राज्य में सिर्फ घुसते हैं और वहां लड़ाई लगाते हैं, यहां लड़ाई लगते हैं। अभी मुंबई होकर गए और कहा कि शिवसेना को जमीन दिखाएंगे। अमित शाह हम जमीन के ही लोग हैं। हमें जमीन दिखाएं लेकिन पहले पीओके की जमीन को भारत में लाकर दिखाएं।

# कांदिवली में बनेंगे तीन ब्रिज, खर्च होंगे 56 करोड़... !

## पुराने पादचारी और रोड ब्रिज को तोड़कर बनेगा रोड ब्रिज



**मुंबई :** कांदिवली में पोईसर नदी ट्रैफिक समस्या अब दूर होगी ही साथ ही बोरीवली की ओर जाना अब आसान हो जाएगा। मनपा प्रशासन ने पादाचारी पुल सहित पतले ब्रिज को तोड़कर अब नया चौड़ा ब्रिज बनाने का निर्णय लिया है। ब्रिज के निर्माण पर कुल 56 करोड़ रुपया किया जाएगा। तीन ब्रिज के निर्माण में 24 महीने का समय लगने की जानकारी मनपा के ब्रिज विभाग ने दी। बता दे कि कांदिवली में शंकर लेन और ईरानी वाडी रोड क्रमांक 4 पर मनपा ने अभी तक पादाचारियो के लिए बने पुल को तोड़कर वाहन के आवागमन सहित आम जनता के उपयोग के लिए ब्रिज बनाने का निर्णय लिया है । भाजपा के पूर्व नगरसेवक कमलेश यादव ने जानकारी दी कि कांदिवली में बनने वाले तीन ब्रिज जनता के लिए बहु उपयोगी साबित होंगे।उन्होंने बताया की शंकर गली और शांतिलाल मोदी रोड पर होने वाली ट्रैफिक की समस्या अब खत्म हो जाएगी। इस ब्रिज के निर्माण से अब लोग सीधे एम जी रोड पर जा सकेंगे और बोरीवली जाना लोगो के लिए आसान हो जाएगा।इसी तरह जवाहरलाल रामसुमेर यादव मार्ग पर पोइसर नदी पर बने पुराने ब्रिज को तोड़कर नया ब्रिज तैयार किया जाएगा। जबकि पोईसर नदी पर ही इंदिरा नगर और एम जी रोड क्रमांक 1 पर बने वाहन ब्रिज को तोड़कर इस ब्रिज को भी चौड़ा किया जाएगा। दोनो ब्रिज अभी तक 12 मीटर का ब्रिज 30 मीटर का ब्रिज बनाया जाएगा। पोइसर नदी को चौड़ा करने का काम किया जा रहा है रामसुमेर यादव मार्ग और इंदिरा नगर दोनो ब्रिज के बन जाने से ी परिसर की झोपड़ पट्टियों का विकास होने का रास्ता साफ होगा ही साथ ही ब्रिज पर होने वाली ट्रैफिक समस्या भी दूर होगी दोनो ही ब्रिज बहोत पतला होने से वाहनों की लंबी कतार लगती थी क्योंकि वाहन की संख्या बढ़ने पर उनका आवागमन सुलभ नहीं हो पा रहा था।मनपा का कहना है कि दोनो ब्रिज के बन जाने से पोइसर नदी पर होने वाली ट्रैफिक समस्या दूर होगी।मनपा कांदिवली में बनने वाले तीन ब्रिज के निर्माण पर 56 करोड़ रुपए खर्च करेगी। तीनों ब्रिज अगले दो साल में बन जाने का अनुमान लगाया गया है जिसको लेकर निविदा प्रक्रिया की गई है। ब्रिज के बन जाने से कांदिवली परिसर में होने वाली ट्रैफिक समस्या का छुटकारा मिलने की जानकारी मनपा के ब्रिज विभाग के अधिकारियों ने दी।

# नासिक में युवक की धारदार हथियार से हत्या




**नासिक :** महाराष्ट्र में नासिक-पुणे हाईवे पर विजय ममता सिनेमा हाउस के सामने शिवाजीनगर क्षेत्र में डांडिया खेलने पर एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। यह घटना मंगलवार रात की है और इस घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन उत्पन्न हो गयी है। उपनगर पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बाबू लूत के तौर पर हुई है। यह और घटना शिवाजी नगर इलाके में विजय ममता सिनेमा हॉल के सामने एक समूह द्वारा आयोजित डांडिया रास कार्यक्रम के दौरान हुई।

पुलिस ने बताया कि मामूली बात को लेकर बाबू लूत और चार-पांच अन्य लोगों के बीच झगड़ा हो गया, जो गाली-गलौज और हाथापाई में बदल गया, जिसके बाद गुस्साए हत्यारों ने बाबू लूत पर धारदार हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बाद डांडिया वादकों में दहशत फैल गई और कार्यकर्ता इधर-उधर भागने लगे, जबकि घायल बाबू लूत को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां बुधवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

इस सिलसिले में उपगर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से तीन नाबालिग हैं। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नीलेश मैनकर के मार्गदर्शन में आगे की जांच जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस उपायुक्त विजय खरात तथा सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. सिद्धेश्वर धूमल मौके पर पहुंचे।

# संजय दत्त ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से की मुलाकात !



**बॉलीवुड** अभिनेता संजय दत्त ने बुधवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की. संजय ने इंस्टाग्राम पर अपनी इस मुलाकात की तस्वीरों की साझा किया जिसमें वो शिंदे से बातचीत करते नजर आए. फोटोज को शेयर करते हुए संजय ने लिखा, ''दूरदर्शी और सबसे सरल व्यक्ति, हमारे माननीय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी से मुलाकात की. उनसे मिलकर इतनी सारी चीजों के बारे में विस्तार से बातचीत करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं. धन्यवाद और भगवान आपका भला करे, शिंदे साहब ! आपसे जल्द ही फिर से मिलने की उम्मीद है. जय भोले नाथ.''



# एलएसी पर चीनी गतिविधियों से निपटने के लिए उपयुक्त कदम उठाए हैं : वायु सेना प्रमुख

**नयी दिल्ली। (एजेंसी)।**

एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय वायु सेना ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी गतिविधियों से निपटने के लिए ''तनाव न बढ़ाने वाले'' उपयुक्त कदम उठाए हैं। आठ अक्टूबर को वायु सेना दिवस के मद्देनजर एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक स्तर पर हाल के घटनाक्रम किसी भी चुनौती से निपटने के लिए मजबूत सेना की आवश्यकता को बताते हैं।

एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि भारतीय वायु सेना ''सबसे खराब स्थिति'' समेत सभी तरह की सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयारी कर रही है और वह किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, ''हम सक्रिय रूप से तैनात और सतर्क रहते हैं।'' उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना एलएसी पर चीन की सभी गतिविधियों पर नजर रखती रहेगी। चीन द्वारा एलएसी के समीप लड़ाकू विमान उड़ाने की हाल की घटनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि तनाव ना बढ़े, इसके लिए उपयुक्त कदम उठाए गए हैं और



पड़ोसी देश को एक संदेश दिया गया है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्थिति तभी सामान्य मानी जाएगी जब पूर्वी लद्दाख में यथास्थिति बनायी जाएगी और गतिरोध वाले सभी बिन्दुओं से सैनिकों को पूरी तरह से हटा लिया जाएगा। तीनों सेनाओं की महत्वाकांक्षी एकीकरण योजना का जिक्र करते हुए चौधरी ने कहा कि भारतीय वायु सेना भविष्य के युद्धों के लिए सहयोगी सेनाओं के एक साथ मिलकर काम करने की अनिवार्यता को समझती है। उन्होंने कहा, ''हम तीनों सेनाओं के एकीकरण के खिलाफ नहीं हैं, हमारी आपत्तियां केवल कुछ संरचनाओं को लेकर है।'' उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय वायु सेना रक्षा उत्पादन में आत्म-निर्भरता के लिए सरकार के साथ तालमेल कर रही है।

# वायुसेना में महिला अग्निवीरों को अगले साल से शामिल किया जाएगा

## स्वदेशी स्पेयर पार्ट्स की खरीदी कर रही वायुसेना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

चीन से लगी सीमा से लेकर भारतीय वायुसेना में महिला अग्निवीरों की भर्ती को लेकर एयरफोर्स चीफ ने बड़ा बयान दिया है। वायुसेना प्रमुख विवेक राम चौधरी ने कहा कि वायुसेना में महिला अग्निवीरों को अगले साल से शामिल करने की योजना है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि अग्निपथ योजना के तहत 'एयर वॉरियर की भर्तियों को सुव्यवस्थित कर दिया गया है और इस साल दिसंबर में 3,000 अग्निवीर वायु को भारतीय एयर फोर्स में शामिल किया जाएगाज महिला अग्निवीरों की भर्ती की योजना अगले साल के लिए बनाई है।

वहीं, पूर्वी लद्दाख में एलएसी के समीप चीनी गतिविधियों पर वायु सेना प्रमुख चौधरी ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन की



नेटवर्क की उपस्थिति बढ़ाई है। हमने उचित समय पर गैर-एस्केलेटर उपाय किए हैं। एलएसी के निकट चीनी विमानों के उड़ने की घटनाओं पर वायु सेना प्रमुख ने कहा कि हवाई सीमा क्षेत्र के उल्लंघन के मामलों को उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए हम सरकार के साथ हैं। भविष्य के युद्धों के लिए सहयोगी बलों के साथ संयुक्त योजना और उनके निष्पादन की आवश्यकता को हम समझते हैं। उन्होंने कहा कि वायुसेना परिवर्तन की राह पर है। सालों से वायुसेना ने अपनी क्षमताओं को साबित किया है।

# राजौरी में अमित शाह की हुंकार, 3 परिवारों ने जम्मू-कश्मीर को लूटा, 370 खत्म होने से आम लोगों को हुआ फायदा

**जमू (एजेंसी)।**

तीन दिवसीय जम्मू कश्मीर यात्रा पर पहुंचे अमित शाह ने आज राजौरी में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह ने विपक्ष पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा और कहा कि 370 खत्म होने के बाद यहां आम लोगों को फायदा हुआ है। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि 70 वर्ष तक जम्मू-कश्मीर पर तीन परिवारों ने राज किया, लोकतंत्र सिर्फ अपने परिवारों में बना दिया था। आप सभी को कभी भी ग्राम पंचायत, तहसील पंचायत, जिला पंचायत का अधिकार मिला था क्या? तीन परिवारों ने लोकतंत्र का, जम्हूरियत का मतलब सिर्फ पीढ़ियों तक शाासन करना निकाल दिया था।

गृह मंत्री ने कहा कि देश में सरकार बदली, 2014 से नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनें, तब मोदी जी ने सबसे पहले जम्मू-कश्मीर में पंचायत के चुनाव कराए। पहले जो सिर्फ तीन परिवार के पास था, आज 30 हजार के पास जम्मू-कश्मीर का शासन आया है। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को एक महत्वपूर्ण फैसला दिया, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए



को उखाड़ कर फेक दिया। अगर अनुच्छेद 370 और 35ए नहीं हटता तो जम्मू-कश्मीर में ट्राइबल रिजर्वेशन नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 और 35ए हटने से यहां पिछड़ों को, दलितों को, आदिवासियों को और पहाड़ियों को अपना अधिकार मिलने वाला है।

शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों ने भ्रष्टाचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आज मोदी जी पूरे जम्मू-कश्मीर के 27 लाख परिवारों को पांच लाख तक का स्वास्थ्य का पूरा खर्च उठा रहे हैं, 70 वर्ष में इन तीन परिवारों ने दिया क्या? भाजपा नेता ने कहा कि पहले आए दिन जम्मू-कश्मीर से पथराव के समाचार आते थे। आज पथराव के समाचार नहीं आते हैं। मोदी जी ने जम्मू-कश्मीर के युवाओं को सशक्त करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आजादी से लेकर 2019 तक पूरे जम्मू-कश्मीर में 15 हजार करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश आया था। 2019 से अब तक इन तीन वर्ष में 56 हजार करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश पूरे जम्मू-कश्मीर में आया है।

# संजय राउत को नहीं मिली राहत, 10 अक्टूबर तक जेल में रहो

**मुंबई** । मुंबई के पात्रा चॉल घोटाला केस में फंसे शिवसेना नेता और सांसद संजय राउत को मंगलवार को भी राहत नहीं मिली है। मुंबई की विशेष अदालत ने मंगलवार को शिवसेना सांसद राउत की न्यायिक हिरासत 10 अक्टूबर तक के लिए बढ़ाया दिया। अब 10 अक्टूबर को ही राउत की जमानत अर्जी पर सुनवाई होगी। दरअसल, ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने गोरेगांव इलाके में पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में राउत को 1 अगस्त को गिरफ्तार किया था। बता दें कि 60 वर्षीय राज्यसभा सांसद राउत तभी से जेल में हैं। इतना ही नहीं, ईडी ने पिछले महीने पूरक आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसमें राउत को मामले में आरोपी बनाया गया था। कोर्ट ने पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लिया, जिसमें उनका नाम धनशोधन के मामले में आरोपी के रूप में लिया गया है। राउत ने जमानत के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामलों की विशेष अदालत का रुख किया था। विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने अभियोजन की शिकायत पर संज्ञान लेकर शिवसेना सांसद के सहयोगी प्रवीण राउत सहित मामले के सभी आरोपियों को समन जारी किया था। शिवसेना नेता की जमानत पर सुनवाई 21 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई थी, क्योंकि उनके वकील ने कहा था कि वह आरोपपत्र का अध्ययन करना चाहते हैं और उनकी याचिका में अतिरिक्त आधार जोड़ने का फैसला करना चाहते हैं।

# हैदराबाद में मिले ग्रेनेड पाकिस्तानी ड्रोन से गिराए गए थे, जांच में हुआ खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

हैदराबाद से गिरफ्तार किए गए तीन आतंकवादियों के पास से चार ग्रेनेड बरामद किए गए है। माना जा रहा है कि ये ग्रेनेड पाकिस्तानी ड्रोन की मदद से पंजाब बॉर्डर के पास कुछ महीनों पूर्व गिराए गए थे। ये जानकारी तेलंगाना पुलिस के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने दी है।

सूत्रों के मुताबिक पुलिस आतंकवादियों के नेटवर्क को ट्रैक करने की कोशिश में जुटी हुई है। पुलिस को पता चला है कि लश्कर से संबंधित आतंकवादियों को अब्दुल जाहेद, मोहम्मद समीउद्दीन और माज़ हसन फारूक को एयरड्रॉप की गई खेप की तस्करी की थी। माना जा रहा है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी को इस मामले की जांच सौंपी जा सकती है। पुलिस ने बातचीत में बताया कि आरोपियों को आतंकी खेप का एक हिस्सा मिला था। जांच पड़ताल में हमें उन लोगों के बारे में भी सुराग मिला है जिन्होंने चीन में बने हथगोले आतंकी सरगना जाहेद को भेजे थे। जांच में ये भी पता चला कि इनके काम करने का तरीका हरियाणा, महाराष्ट्र ते नांदेड़ और तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में हुई तस्करी के समान है। बता दें इन तीनों जगहों पर इस वर्ष मई में खेप एयरड्रॉप होने के बाद जब्त की गई थी। खुफिया एजेंसी के अधिकारी के अनुसार हैदराबाद में भी जो ग्रेनेड मिले हैं वो पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा ही एयरड्रॉप किए गए थे। बता दें कि रविवार को रविवार को गिरफ्तार किए गए तीन आतंकियों में से जाहेब मुख्य है, क्योंकि ये अपने फरहतुल्ला गोरी, सिद्दीकी बिन उस्मान, अब्दुल मजीद के इशारे पर काम कर रहा था। जाहेद तीनों के साथ संपर्क में था। माना जा रहा है कि ये तीनों पाकिस्तान के रावलपिंडी में छिपे हुए हैं। इनके ही इशारे पर दशहरा पर सार्वजनिक स्थानों पर आतंक फैलाने के लिए ये साजिश रची गई थी। अधिकारी ने संदेह जताते हुए कहा कि चीनी गोला बारूद भारत आने से पहले पाकिस्तान पहुंचा था। उन्होंने कहा कि हम आरोपियों को हिरासत में लेकर मॉड्यूल पर लेकर उनसे सख्त पूछताछ करेंगे।

# मिशन 2024 के लिए तैयार भाजपा, जेपी नड्डा टीम को और अधिक मजबूत किया जाएगा

## कई नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी कई कदम उठाने जा रही है। मिशन 2024 को देखकर अपनी रणनीति को अमलीजामा पहनाने के लिए भाजपा जेपी नड्डा टीम में जल्द ही और कई नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा कर सकती है। माना जा रहा है कि 2024 तक बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ही इस टीम की कमान संभालने वाले हैं ,क्योंकि नियमानुसार अभी तक बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव के लिए चुनावी कार्यक्रम की घोषणा होनी थी मगर जिस तरह से कुछ दिन पहले बिहार, छत्तीसगढ़ सहित कई प्रदेशों के प्रदेश प्रभारियों की घोषणा की गई, उससे साफ संकेत मिलते हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में जेपी नड्डा के नेतृत्व वाली टीम ही काम करेगी।



इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव वाले राज्य गुजरात और हिमाचल में भी भाजपा अपने चुनाव प्रभारियों की घोषणा आने वाले कुछ दिनों में कर देगी। इतना ही नहीं, कुछ प्रदेशों के प्रदेश प्रभारी भी बदले जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, आगामी समय में सियासी चुनौतियों को देखकर मीडिया और सोशल मीडिया टीम को भी और अधिक मजबूत किया जाएगा। बताया गया कि तकनीक के साथ-साथ टीम में भी विस्तार होगा।

पीएफआई यानी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर प्रतिबंध लगाकर मोदी सरकार ने अभी से संकेत दे दिया है कि उनकी सरकार राष्ट्र विरोधियों के लिए सख्त कदम उठाने से बिल्कुल भी पीछे नहीं हटेगी। साथ ही बिहार में नीतीश के झटका देने से बदली परिस्थितियों के बीच संगठन और सरकार का अनुभव रखने वाले राष्ट्रीय महासचिव विनोद तांवड़े को प्रभारी बनाकर भी बीजेपी ने जता दिया कि वह आगामी चुनावों के लिए कितनी गंभीर है और किसी भी मोर्चे पर विरोधियों को कोई मौका नहीं देना चाहती।

दरअसल, नड्डा की अगुआई में जहां भाजपा मोदी सरकार की गरीब और वंचितों के लिए बनाई गई योजनाओं को उस तबके तक पहुंचाने के साथ-साथ उनके लाभार्थियों तक पहुंचने की रणनीति पर काम कर रही है, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमांत क्षेत्र कश्मीर घाटी के क्षेत्रों के दौरे से अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है।

सूत्रों ने बताया कि अपनी रणनीति को फूलप्रूफ बनाने के लिए बीजेपी अपने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की संख्या में भी कुछ इजाफा कर सकती है और उन्हें प्रदेशों के साथ-साथ लोकसभा क्षेत्रों के हिसाब से भी जल्द ही जिम्मेदारी दे सकती है, जिससे चुनाव का होमवर्क समय से पहले पूरा हो जाए। साथ ही इसके बाद जो ग्राउंड से फीडबैक आए, उसके हिसाब से ही जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप भाजपा अपना घोषणापत्र जारी करेगी।

# अगर ऑफिस से मिला है दिवाली का बोनस तो टैक्स देने के लिए हो जाएं तैयार




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दिवाली नजदीक है और कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को बोनस और गिफ्ट बांटना शुरू कर दिया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि देश के आयकर कानूनों के अनुसार आपको इस कैश गिफ्ट पर टैक्स भी देना पड़ सकता है। बात केवल दिवाली की नहीं है। किसी भी अवसर पर आपको अगर कोई कैश गिफ्ट मिलता है तो यह टैक्स के दायरे में आ सकता है।

आयकर विभाग के अनुसार, बिना किसी प्रतिफल (रसीद या मूल्य की किसी भी चीज के बदले) के प्राप्त होने वाली किसी भी राशि को मौद्रिक उपहार कहा जा सकता है। इसमें नकद, चेक, ड्राफ्ट आदि शामिल हैं। इस मौद्रिक उपहार पर कर लगेगा, यदि ये एक वर्ष में 50,000 रुपये से अधिक है।

### क्या हर कैश गिफ्ट पर लगता है कर

यह जरूरी नहीं कि हर कैश गिफ्ट टैक्सेबल हो। हालांकि ऐसे अपवाद हैं जब किसी व्यक्ति द्वारा प्राप्त कैश गिफ्ट कर योग्य नहीं होते है। इसमें शामिल है रिश्तेदारों से प्राप्त धन- जैसे कि पति या पत्नी, भाई या बहन, व्यक्ति के पति या पत्नी के भाई या बहन; व्यक्ति के माता-पिता के भाई या बहन; व्यक्ति का कोई वंशज, व्यक्ति के जीवनसाथी का कोई वंशज आदि। विवाह के अवसर पर प्राप्त उपहार पर कर नहीं लगता है। विवाह के अलावा कोई अन्य अवसर नहीं है, जब किसी व्यक्ति द्वारा प्राप्त कैश गिफ्ट पर कर नहीं लगाया जासकता। जन्मदिन, सालगिरह आदि जैसे अवसरों पर प्राप्त कैश गिफ्ट भी आयकर विभाग के नियमों के अनुसार कर लगाया जाएगा।

कोई गिफ्ट टैक्सेबल है या नहीं, यह वर्ष के दौरान मिले उपहार के कुल मूल्य के आधार पर निर्धारित किया जाता है, न कि व्यक्तिगत उपहार के आधार पर। यदि पूरे साल के दौरान दौरान प्राप्त उपहारों का कुल मूल्य 50,000 रुपये से अधिक है तो वर्ष के दौरान प्राप्त ऐसे सभी उपहारों के कुल मूल्य पर कर लगाया जाएगा।

### कंपनी की ओर से दिवाली बोनस/वाउचर

अगर आपको कंपनी की ओर से 5,000 रुपये से अधिक का कोई गिफ्ट मिलता है तो यह आपके आपके वेतन का हिस्सा माना जाएगा। टैक्स स्लैब के हिसाब से उस पर कर लगाया जाएगा। कंपनी द्वारा आपके खाते में जमा किए गए किसी भी पैसे को वेतन का एक हिस्सा माना जाएगा और इस तरह कर लगाया जाएगा। इसका मतलब यह है कि आपकी कंपनी की ओर से किसी भी दिवाली बोनस मिलता है तो उस पर कर लगाया जाएगा। कोई भी नकद उपहार, भले ही वह 5,000 रुपये से कम हो, कर के अधीन होगा, क्योंकि इसे आपके वेतन का हिस्सा माना जाएगा। हालांकि, वाउचर या कूपन के रूप में मिले रुपये कर के अधीन नहीं होंगे।

# क्रेडिट कार्ड से कैश निकालना आपको पड़ सकता है बहुत महंगा




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कैशलेस ट्रांजैक्शन की सुविधा और ब्याजरहित क्रेडिट पीरियड के कारण क्रेडिट कार्ड दिन पर दिन लोकप्रिय होते जा रहे हैं। क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले रिवॉर्ड पॉइंटस, कैशबैक और अन्य ऑफर्स इन्हें ग्राहकों के बीच और लोकप्रिय बनाते हैं। लेकिन इन सुविधाओं के अलावा एक और चीज है जो क्रेडिट कार्ड को बहुत स्पेशल बनाती है और वह है कैश एडवांस की सुविधा। क्रेडिट कार्ड से आप सिर्फ शॉपिंग ही नहीं कर सकते, बल्कि जरूरत के वक्त कैश भी निकाल सकते हैं।

लगभग सभी बैंक अपने क्रेडिट कार्ड पर ग्राहकों को कैश ट्रांजैक्शन की सुविधा देते हैं। इसके जरिए आप जरूरत पड़ने पर कार्ड से कैश निकाल सकते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस सुविधा को लेने की भारी-भरकम कीमत चुकानी पड़ सकती है। बैंक इसके लिए आपसे इसके लिए तगड़ा ब्याज लेते हैं। वहीं, कैश एडवांस सुविधा का बार-बार इस्तेमाल करने से आपके क्रेडिट स्कोर पर भी बुरा असर पड़ सकता है।

### कितना निकाल सकते हैं कैश

आप कार्ड से कितना पैसा निकाल सकते हैं, यह आपकी क्रेडिट लिमिट पर डिपेंड करता है। बैंकों द्वारा यूजर्स को क्रेडिट कार्ड से कैश निकालने की अलग-अलग लिमिट दी जाती है। यह आपके कार्ड की कुल क्रेडिट लिमिट के आधार पर तय की जाती है। इंडस्ट्री बेंचमार्क के अनुसार ज्यादातर बैंक क्रेडिट कार्ड की कुल लिमिट के 20 से 40 फीसदी तक पैसा कैश के रूप में निकालने की अनुमति देते हैं। अगर आपके क्रेडिट कार्ड की कुल क्रेडिट लिमिट 2 लाख रुपये है तो आप कार्ड से 40 हजार से से 80 हजार रुपये तक कैश निकाल सकते हैं, बशर्ते आपके बकाया क्रेडिट लिमिट इसकी इजाजत देती हो।

### क्या हैं कैश निकालने के नुकसान

क्रेडिट कार्ड से कैश निकालने पर आपको ब्याज के अलावा दूसरे चार्ज भी देने पड़ते हैं, जो निकाले गए कैश के 2.5 प्रतिशत से 3 प्रतिशत फीसदी तक हो सकते हैं। अगर आपने क्रेडिट कार्ड से पैसा निकाला है तो आपको उसी दिन से ब्याज देना पड़ता है। बैंक आपसे इसके लिए तगड़ा चार्ज वसूल कर सकता है। ये हर बैंक के लिए अलग-अलग होता है। इसलिए अपने क्रेडिट कार्ड से कैश निकालने से पहले सभी नियम और शर्तें जान लें।

कैश एडवांस पर इंटरेस्ट फ्री क्रेडिट पीरियड का कोई लाभ नहीं मिलता। इसका मतलब यह है कि आपको शॉपिंग करने के बाद जो इंटरेस्ट फ्री पीरियड मिलता है, वह इसमें नहीं मिलता। नकद निकासी के साथ ही उस पर ब्याज लगना शुरू हो जाता है।

### तभी पैसा निकालें जब बहुत जरूरत हो

जैसा हमने ऊपर बताया है कि क्रेडिट कार्ड से कैश निकालना आपकी वित्तीय सेहत के लिए कई तरह से नुकसानदेह हो सकता है, इसलिए इस विकल्प को सिर्फ उसी स्थिति में इस्तेमाल करना चाहिए, जब आपके पास कोई और विकल्प न बचा हो। अगर आपको कभी कैश निकालना पड़ता है तो जल्द से जल्द इसका रीपेंट कर दें।

# 2020 से बंद पड़ी इस सरकारी कंपनी का खुल गया ताला, टाटा ग्रुप ने शुरू कर दिया कारोबार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** साल 2020 यानी लगभग दो साल से बंद पड़ी सरकारी कंपनी नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड में कारोबार शुरू हो गया है। एक बयान में टाटा ग्रुप ने कहा कि ओडिशा स्थित नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड ने टाटा स्टील की सहायक कंपनी द्वारा 12,000 करोड़ रुपये में अधिग्रहण के लगभग 90 दिनों के बाद परिचालन शुरू कर दिया गया है। आपको बता दें कि नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड एक सरकारी कंपनी थी, जिसे हाल ही में टाटा स्टील ने अपनी सब्सिडियरी कंपनी टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स (टीएसएलपी) के जरिये खरीदा है। यह डील इस साल जनवरी में 12,000 करोड़ रुपये में हुई थी।



**कंपनी के शेयरों में तेजी:** टाटा ग्रुप की प्रमुख स्टील कंपनी टाटा स्टील के शेयरों में आज शुरुआती कारोबार में 2.19 प्रतिशत की तेजी रही। कंपनी के शेयर 100.50 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं। पिछले पांच दिन में यह शेयर 3.66 प्रतिशत चढ़ा है। हालांकि, पिछले एक महीने में टाटा स्टील का शेयर बिकवाली के दबाव में है और 5.99 प्रतिशत तक टूट चुका है।

**टाटा ग्रुप का प्लान:** टाटा ने हाल ही बताया था कि नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड का परिचालन पुनः शुरू करने के वह तेजी से विकसित होगी और अगले कुछ वर्षों में इसकी क्षमता को बढ़ाकर 45 लाख टन सालाना पर पहुंचाएगी। दस लाख टन प्रतिवर्ष क्षमता वाले ओडिशा स्थित इस्पात संयंत्र का अधिग्रहण पूरा करने के बाद जारी बयान में टाटा स्टील ने कहा था कि एनआईएनएल की क्षमता 2030 तक बढ़ाकर एक करोड़ टन प्रतिवर्ष करने की भी योजना है।

**कंपनी का कारोबार:** 1.1 मिलियन टन स्टील बनाने की क्षमता वाला प्लांट विभिन्न कारणों से लगभग दो वर्षों से बंद था। इसके अलावा कंपनी के पास खुद के इस्तेमाल वाला बिजली प्लांट है। कंपनी के पास लौह अयस्क खदान भी है, जो विकास के चरण में है। कंपनी के पास लौह अयस्क खदान भी है, जो विकास के चरण में है।

# फास्फोरिक एसिड को 40 प्रतिशत कम भाव पर खरीदने की तैयारी में उर्वरक कंपनियां, अगली तिमाही में हो सकती है खरीद



**नई दिल्ली,एजेंसी।** उर्वरक कंपनियां फास्फोरिक एसिड को 1,000-1,050 डालर प्रति टन के भाव पर आयात करने की योजना बना रही हैं। सितंबर तिमाही में वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं की तरफ से तय कीमत के मुकाबले यह भाव करीब 40 प्रतिशत कम है। फास्फोरिक एसिड का इस्तेमाल डीएपी और अन्य एनपीके उर्वरकों के उत्पादन में एक अहम कच्चे माल के तौर पर किया जाता है।

सूत्रों के मुताबिक, पिछली तिमाही के अंत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में फास्फोरिक एसिड का भाव 1,715 डालर प्रति टन था। लेकिन सितंबर तिमाही में डीएपी उर्वरकों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तीव्र गिरावट आई जिसके बाद फास्फोरिक एसिड के भाव में भी कमी आने की उम्मीद की जा रही है। फास्फोरिक एसिड की अंतरराष्ट्रीय कीमतों का निर्धारण तिमाही आधार पर होता है। इसके प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में ओसीपी मोरक्को, जेपीएमसी जार्डन और सेनेगल शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि एक उर्वरक कंपनी ने सेनेगल से फास्फोरिक एसिड की एक खेप 1,200 डालर प्रति टन के भाव पर खरीदी है लेकिन यह भाव अब भी ज्यादा है। देश की अग्रणी उर्वरक कंपनियां अगली तिमाही में इसकी खरीद 1,000-1,050 डालर प्रति टन के भाव पर करने की योजना बना रही हैं।

### फास्फोरिक एसिड का भाव होना चाहिए कम

उर्वरक मंत्रालय का भी मानना है कि इस तिमाही में फास्फोरिक एसिड का भाव 1,100 डालर प्रति टन से कम होना चाहिए। पिछले हफ्ते मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड ने सालाना 30,000 टन फास्फोरिक एसिड आयात करने के लिए दुबई स्थित एग्रीफील्ड्स के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस फास्फोरिक एसिड की मदद से करीब 1.67 लाख टन एनपीके उर्वरकों का उत्पादन किया जा सकता है। इस एमओयू की अवधि तीन साल की है।

# भारतीय फिनटेक के इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण सौदा हुआ रद्द, पेयू नहीं करेगा 38,400 करोड़ की डील

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फिनटेक के इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण सौदा रद हो गया है। पेयू के मालिकाना हक वाली कंपनी प्रासस ने भारतीय पेमेंट कंपनी बिलडेस्क के साथ अपने सौदे को तोड़ते हुए कहा है कि कुछ ऐसी शर्तें थीं, जिन्हें पूरा नहीं किया गया। यह सौदा 4.7 अरब डालर (38,400 करोड़ रुपये) का था। सोमवार को जारी एक बयान में प्रासस ने कहा, इस अधिग्रहण सौदे में होने वाला लेनदेन विभिन्न शर्तों के पालन पर निर्भर करता था, जिसमें भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) की मंजूरी भी शामिल थी।

**भारतीय टेक्नोलाजी कंपनियों में किया छह अरब डालर का निवेश :** पेयू ने पांच सितंबर, 2022 को सीसीआइ की मंजूरी हासिल की, लेकिन कुछ शर्तें 30 सितंबर, 2022 तक पूरी नहीं हुईं, जिसके चलते सौदा स्वतः रद हो गया है। 31 अगस्त 2021 को, प्रासस ने इस सौदे का एलान किया था। वर्ष 2005 से लेकर अब तक प्रासस भारत में लगातार निवेश और काम कर रही है। कंपनी ने इस दौरान भारतीय टेक्नोलाजी कंपनियों में छह अरब डालर का निवेश किया है।



कंपनी ने अब कहा है कि वह भारतीय बाजार पर अपना ध्यान केंद्रित रखेगी और इस क्षेत्र में अपने वर्तमान बिजनेस को बढ़ाने के लिए काम करती रहेगी। कंपनी ने आनलाइन शापिंग प्लेटफार्म मीशो, बायजूस, डीहाट, मेन्सा ब्रांड्स एंड गुड ग्लैम ग्रुप में निवेश कर रखा है।



# पहली बार किन्नर के रोल में दिखेंगी सुष्मिता सेन, जानिए किसपर आधारित है सीरीज...



बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन, हॉटस्टार की वेब सीरीज 'आर्या' में अपना दमदार परफॉर्मेंस देने के बाद, अब एक नई वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं। बता दें कि सुष्मिता सेन ने अपनी अपकमिंग वेब सीरीज से अपना पहला लुक रिवील कर दिया है। अभिनेत्री का लुक देख यह साफ पता चल रहा है कि वह ट्रांसजेंडर का किरदार निभाने वाली हैं। बता दें कि यह पहली बार होगा जब मिस यूनिवर्स किसी ट्रांसजेंडर के रोल को अदा करती दिखाई देंगी। सुष्मिता सेन का यह अवतार देख हर कोई इस वेब सीरीज के बारे में जानने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आखिर किस फेमस ट्रांसजेंडर की जिंदगी को सुष्मिता सेन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लाने जा रही हैं।

# 'मणिरत्नम' की फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन' की बॉक्स ऑफिस पर छप्पर फाड़ कमाई जारी, अब तक जुटाए इतने करोड़ ...

**मणिरत्नम** के निर्देशन में बनी फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई का सिलसिला लगातार जारी है. ऐश्वर्या राय की फिल्म पोन्नियन सेल्वन का साउथ से लेकर हिंदी बेल्ट तक ह[illegible] जगह जलवा बरकरार है. इस फिल्म ने ऋतिक रोशन और सैफ अली खान की फिल्म 'विक्रम वेधा' को भी काफी पीछे छोड़ दिया है. रिपोर्ट के अनुसार फिल्म ने जहां वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ का जादूई आंकड़ा पार कर चुकी है. वहीं इंडियन बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन कर रही है.





चियान विक्रम, ऐश्वर्या राय बच्चन, तृषा कृष्णन, कार्थी, जयम रवि और शोभिता धूलिपाला जैसे शानदार स्टार्स की मौजूदगी दर्शकों को और भी ज्यादा सिनेमाघरों तक खींचकर लाने में सफल हो रही है. फिल्म ने सभी वर्ग के दर्शकों को अपनी ओर खींचा है. 'पोन्नियिन सेल्वन' के अब तक का कलेक्शन इस प्रकार है.

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 31.25 करोड़ रुपए के साथ शानदार ओपनिंग कर धमाल मचा दिया था. वहीं रिलीज के दूसरे दिन 29 करोड़ रुपए और तीसरे दिन 32.25 करोड़ रुपए की कमाई की है. इस तरह से फिल्म का ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन 92.50 करोड़ रुपए रहा है. हालांकि इसके बाद वर्किंग डे पर फिल्म की कमाई में थोड़ी गिरावट जरूर देखने को मिला. सोमवार को पीएस-1 ने 17.75 करोड़ और मंगलवार को 19.25 करोड़ रुपए का बिजनेस कर दिखाया है. वहीं बुधवार को दशहरे के दिन फिल्म का खासा फायदा नहीं मिला है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन' के छठे दिन की कमाई 20.30 करोड़ रुपए के आस-पास रही है. इस तरह फिल्म ने अब तक इंडियन बॉक्स ऑफिस पर टोटल 149. 80 करोड़ रुपए तक का बिजनेस कर दिखाया है.

# किसिंग सीन पर छलका दर्द



एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सिनेमा की खूबसूरत अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। वह फिल्म 'गुडबाय' से हिंदी सिनेमा में कदम रख रही हैं, जिसमें वह अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। ऐसे में वह अपनी इस फिल्म का जमकर प्रमोशन करती दिख रही हैं। रश्मिका मंदाना ने अपने एक इंटरव्यू में उन दिनों को याद किया, जब उन्हें 'डियर कॉमरेड' में विजय देवरकोंडा के साथ एक बोल्ड सीन देने की वजह से खूब ट्रोल किया गया था। एक्ट्रेस ने बताया है कि उन दिनों वह रात-रात भर रोती थीं। दरअसल, साल 2019 में साउथ सिनेमा में फिल्म 'डियर कॉमरेड' रिलीज हुई थी, जिसका निर्देशन भरत कम्मा ने किया था। इस फिल्म में रश्मिका के साथ विजय देवरकोंडा नजर आए थे और फिल्म में दोनों का एक इंटेंस किसिंग सीन था, जो लोगों के बीच खूब चर्चा में रहा। इस सीन को देखने को बाद फैंस ने रश्मिका की क्लास भी लगाई। वहीं, अब रश्मिका मंदाना ने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में बताया कि कैसे उस एक सीन की वजह से उन्हें लगातार ट्रोलिंग और ऑनलाइन नफरत का शिकार होना पड़ा था। रश्मिका मंदाना ने कहा कि यह उनके करियर का सबसे 'पेनफुल' और बुरा समय था। उन्हें उस दौर से गुजरना काफी मुश्किल लगा था। उन दिनों आसपास की नेगेटिविटी ने उन्हें खूब प्रभावित किया है। इस वजह से वह अक्सर अपने बिस्तर पर तकिए में सिर छिपाकर रोती रहती थीं। एक्ट्रेस ने कहा, 'बहुत सारे दर्दभरे पल आए। मैं कई चीजें पढ़ती थीं और मुझे वैसे ही बुरे सपने आते थे। इस दौरान मुझे बस यही लगा कि सभी ने मुझसे मुंह मोड़ लिया है


# तलाक नहीं लेंगे धनुष और ऐश्वर्या...

**मुंबई**। साउथ अभिनेता धनुष और सुपरस्टार रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। हाल ही में सामने आई खबरों के मुताबिक यह कपल तलाक नहीं लेगा। धनुष और ऐश्वर्या ने इसी साल जनवरी में अपने तलाक का एलान किया था, लेकिन अब दोनों ने अपना इरादा बदल दिया है। जानकारी के मुताबिक धनुष और ऐश्वर्या अब अपने रिश्ते को एक और मौका देना चाहते थे। रिपोर्ट के मुताबिक, अपने इस फैसले से पहले दोनों के परिवारों ने रजनीकांत के घर पर एक बैठक की। इस दौरान सभी ने धनुष और ऐश्वर्या के तलाक को रोकने का फैसला किया। साथ ही यह भी तय किया कि कपल अपने रिश्ते पर काम करने की कोशिश करेगा। रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता रजनीकांत ने अपनी बेटी का घर बचाने के लिए काफी कोशिश की।




# 9 महीने की कड़ी मेहनत के बाद ऐसे 'वेधा' बने थे ऋतिक

**मुंबई**। ऋतिक रोशन की फिल्म विक्रम वेधा सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म को दर्शकों की कोई खास प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है। विक्रम वेधा और मणिरत्नम की पीएस 1 में तगड़ी टक्कर थी, लेकिन पीएस 1 ने बाजी मार ली। वीकेंड पर ठीक-ठाक कमाई करने के बाद सोमवार को विक्रम वेधा के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई है। फिल्म कमाई करने में स्ट्रगल कर रही है। फिल्म ऑडियन्स की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पा रही है। इसी बीच ऋतिक रोशन ने विक्रम वेधा का बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह अपनी फिल्म विक्रम वेधा के डायलॉग्स याद करते और उनकी प्रैक्टिस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'अक्टूबर 2021 से जून 2022 तक, नौ महीने की तैयारी और तब जाकर बना वेधा। इतने समय में इंसान के बच्चे का जन्म होता है। बोलते, चलते, नाचते, खाते हर तरीके से मैंने वेधा को एंजॉय किया है।



# हिंदी में पस्त मगर साउथ में बजा पीएस-1 का डंका...

मुंबई। मणिरत्नम की 'पोन्नियिन सेलवन 1' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की है। फिल्म ने चौथे दिन अकेले तमिलनाडु राज्य में ही 15 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। हिंदी बाजारों में फिल्म के प्रदर्शन की बात करें तो सोमवार को फिल्म ने लगभग 1.25 करोड़ की कमाई कर ली है, जिसके बाद हिंदी संस्करण का कुल संग्रह करीब 9 करोड़ जा पहुंचा है। इसके साथ ही फिल्म ने चार दिन में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 125 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। कांतारा ने पीएस-1 और विक्रम वेधा को चटाई धूल, तीन दिन में ही बजट से ज्यादा कर डाली कमाई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएस1 ने पहले तीन दिन में ही यूएस बॉक्स ऑफिस पर 4.1 मिलियन डॉलर का कारोबार कर लिया था। वहीं अब वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 250 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। बता दें कि रजनीकांत-स्टारर 2.0 और कबाली के बाद, पीएस-1, दुनियाभर में इतनी तेजी से 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली तीसरी तमिल फिल्म बन गई है। यूं तो फिल्म हिंदी बेल्ट में पीएस-1 ज्यादा कमाल नहीं दिखा पा रही है, लेकिन तमिलनाडु में इसकी कहानी बिल्कुल अलग है। कुल 125 करोड़ की कमाई करने वाली फिल्म ने केवल तमिलनाडु में ही 104.15 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। इसके साथ ही फिल्म ने प्रमुख तमिल रिलीज जैसे कमल हासन की विक्रम और अजित की वलीमाई को पछाड़ दिया है।



# सुर्खियां बटोरने के बाद भी करियर संकट में...


**मुंबई**। पिछले काफी दिनों से एमएमएस वीडियो को लेकर काफी चर्चा में रहीं भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह को भोजपुरी फिल्मों के निर्माता अब साइन करने से कतरा रहे हैं। हालांकि इस वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा था कि वह अक्षरा सिंह का वीडियो हैं लेकिन, अक्षरा सिंह इस वीडियो को लेकर अपना अलग बयान दे चुकी हैं। इसके बावजूद वह लगातार ट्रोल्स के निशाने पर हैं। इस समय अक्षरा सिंह के फिल्मी करियर पर अगर नजर डाले तो उनके पास ज्यादा फिल्में नहीं है। एक समय में पवन सिंह और खेसारी लाल यादव की फिल्मों में अक्षरा सिंह ने खूब काम किया। भोजपुरी सिनेमा की वही हीरोइनें कामयाब है। जो भोजपुरी नायकों की छत्रछाया में काम करती है। किसी जमाने में अक्षरा सिंह और पवन सिंह के बीच नजदीकियों के खूब चर्चे थे।






# खून के अशुद्ध और गाढ़ा होने की समस्या को इन नुस्खो से करें दूर

इस भागदौड़ भरी जिंदगी में किसी के पास अपने लिए समय ही नहीं है। जिससे गलत डाइट और एक्सरसाइज न करने का सीधा असर सेहत पर दिखाई देता है। समय पर खाना न खाना या व्यायाम न करने पर बीमार पड़ता तो जाहिर सी बात है लेकिन गलत-खान पान के कारण आप रक्त विकारों का शिकार भी हो सकते है। खून शरीर के अंगो में ऑक्सीजन सप्लाई करके आपको स्वस्थ रखता है। ऐसे में खून में गड़बड़ी रक्त के थक्के जमना या खून के गाढ़ा होने से आप कोलेस्ट्रॉल और दिल के रोग जैसी बीमारियों की चपेट में भी आ सकते है। कुछ लोग तो इस समस्या को दूर करने के लिए दवाइयों तक का सेवन करते है लेकिन कुछ कारगार घरेलू तरीके से भी इन रक्त विकारों को दूर किया जा सकता है। आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिससे आप रक्त विकारों को बिना किसी नुकसान के दूर कर सकते है।



**रक्त विकार के कारण**

आयरन की कमी
अनुवांशिक
कमजोर लीवर
हार्मोन बदलाव
गलत आहार
डायबिटीज
तनाव
पानी की कमी

**रक्त विकार के लक्षण**

लगातार बीमार रहना
भूख ना लगना
वजन कम होना
त्वचा रोग
दृष्टि कमजोर हो जाना
बाल झड़ना
प्रतिरोधक क्षमता कम होना

रक्त विकार के घरेलू उपचार

**1. आंवला**

विटामिन सी के गुणों से भरपूर आंवला का सेवन शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालता है और नए रक्त बनाता है।

**2. नींबू**

दिन में 3 बार गर्म पानी में नींबू मिलाकर सेवन करें। इससे आपके सभी प्रकार के रक्त विकार दूर हो जाएंगे।

**3. मुनक्का**

25 ग्राम मुनक्के को रातभर भिगो दें। सुबह इसे पीसकर 1 कप पानी में मिलाकर रोजाना पीएं। इससे आपकी यह समस्या दूर हो जाएगी।

**4. एलोवेरा**

25 ग्राम एलोवेरा का ताजा रस में 12 ग्राम शहद और आधे नींबू का रस मिलाकर सुबह शाम पीने से रक्त विकार दूर होते है।

**5. करेला**

दिन में 2 बार ताजे केरेले का जूस का सेवन भी सभी प्रकार के रक्त विकारों को दूर करता है।

**6. प्याज**

1/4 कप प्याज के रस में नींबू शहद मिलाकर लगातार 10 दिन तक सेवन करें। यह रक्त विकारों को दूर करके खून साफ करने में मदद करता है।

**7. नीम**

नीम के पत्ते, निम्बोली छाल और जड़ को उबाल कर दिन में 1 बार पीएं। इससे रक्त विकार के साथ आपकी कई समस्याएं दूर हो जाएगी।

# डैंड्रफ हो जाएगा जड़ से खत्म, अपनाएं यह घरेलू नुस्खा

*खूबसूरत, घने और लंबे बाल तो हर लड़की पाना चाहती है। मगर आजकल बालों में होने वाली परेशानियों के कारण बाल झड़ने और डैंड्रफ जैसी समस्याएं हो जाती है। लड़के और लड़कियां दोनों डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए मंहगे प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करते है लेकिन किसी से भी यह समस्या दूर नहीं होती। ऐसे में आज हम आपको डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए एक ऐसा उपाय बताने जा रहें है, जिससे बिना किसी नुकसान के यह समस्या दूर हो जाएगी। तो आइए जानते है डैंड्रफ को जड़ से खत्म करने का आसान घरेलू तरीका।*



**इसलिए होती है डैंड्रफ की परेशानी**

स्कैल्प में डेड सेल्स जमा होने के बाद वो ड्राय हो जाती है, जिससे सिर में फंग्स और इंफेक्शन हो जाती है। इसके कारण आपके बालों में डैंड्रफ की समस्या हो जाती है। ऐसे में आपको अपनी डाइट में जिंक, ओमेगा-3 फैटी एसिड और विटामिन्स वाली चीजें शामिल करनी चाहिए।

**डैंड्रफ को दूर करने का घरेलू तरीका**

एक कटोरी में नींबू का रस निकाले लें। इसके बाद इसमें गर्म पानी और सी सॉल्ट मिक्स करें। इस मिक्सर को स्कैल्प पर लगाकर मसाज करें और 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसे बाद बालों को शैम्पू सेधोकर कंडीशनर कर लें। हफ्ते भर इसका इस्तेमाल करने से आपके डैंड्रफ की समस्या दूर हो जाएगी। इसके अलावा आपको यह समस्या दोबारा नहीं होगी।

# हर छोटी-मोटी परेशानियां का हल हैं ये मसाले, ऐसे करें इस्तेमाल

भारतीय रसोई का मसालों से गहरा नाता हैं या यूं कहिए कि यह भारती रसोई का अभिन्न अंग है। इनके बिना खाने का स्वाद अधूरा रहता है, साथ ही में सेहत के नजरिए से भी यह काफी फायदेमंद होते हैं। सर्दियों में इनकी डिमांड बढ़ जाती है क्योंकि इसमें पाए जाने वाले औषधीय गुण ठंड में शरीर को गर्म रखते हैं और कई तरह की गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। सौंफ-अजवाइन हो या काली मिर्च-लौंग, यह छोटे-छोटे मसाले इतने कमाल के हैं कि आपको लंबी उम्र तक हैल्दी और फिट रखने के लिए काफी हैं। हर मसाले की अपनी अलग ही खासियत हैं लेकिन यह आपको फायदा तभी पहुंचाएंगे जब आप इन्हें उचित समय और सही मात्रा में लेंगे।

**1. अजवाइन**

अजवाइन का इस्तेमाल लगभग हर रसोई में होता है। अजवाइन के छोटे-छोटे दाने पेट संबंधी दिक्कतों को दूर रखते है। अगर आपको अपच की समस्या रहती हैं तो आपको खाने के 5 से 10 मिनट बाद थोड़ी सी अजवाइन गर्म पानी के साथ लेनी चाहिए। इसके अलावा यह पेट के मरोड़, अफारे को ठीक करती हैं। इससे पेट के कीड़े नष्ट होते हैं

**2. हल्दी**

हल्दी के बिना सब्जी और करी में रंग नहीं आता लेकिन इसके अलावा भी इसके गुण कम नहीं है। विटामिन ए, प्रोटीन व काबोर्हाइड्रेट जैसे कई खनिज तत्वों से भरपूर हल्दी में जमे कोलेस्ट्रोल को घोलने की शक्ति होती है। इसमें एंटीसेप्टिक , एंटी बायोटिक और एंटी एलर्जिक गुण होते है जो सर्दी खांसी को दूर रखने में मददगार साबित होते हैं। हल्दी खून पतला और साफ करने का काम भी करती हैं। शरीर में किसी तरह के दर्द, बाहरी व अंदरूनी चोट, फ्रेक्चर में हल्दी बेहद कारगर साबित होती हैं। हल्दी मिला दूध सबसे फायदेमंद होता है।

**3. जीरा**

सब्जी में लगा जीरे का छौंका उसके स्वाद को दोगुना कर देता है। यह खाना पचाने में सहायक होता हैं और एसिडिटी और गैस की परेशानी को दूर रखता है। छाछ में भूना जीरा डालकर पीने से दस्त ठीक हो जाते हैं।



**4. सौंठ**

सौंठ अदरक का ही रूप हैं बस जब यह गीली होती हैं तो अदरक और सूखने पर सौंठ कहलाती हैं। इसकी तासीर काफी गर्म होती है। जिन्हें गठिया या जोड़ों के दर्द की परेशानी रहती हैं उन्हें सौंठ का सेवन करना चाहिए।अदरक की चाय से सर्दी, जुकाम, खांसी, सिरदर्द ठीक से राहत मिलती हैं।

**5. लौंग**

लौंग के एंटीसेप्टिक गुण संक्रमण को दूर रखते हैं। इसकी चाय पीने से आपका ठंड से तो बचाव रहता ही हैं, साथ ही में भूख भी बढ़ती हैं। सांसों की दुर्गंध दूर करने के लिए आप लौंग बेहद लाभदायक होते हैं। इससे पाचन शक्ति बढ़ती हैं। दांत के जिद्दी दर्द में भी यह बहुत काम आते हैं।

**6. इलायची**

इलायची दो तरह की होती हैं एक छोटी यानी हरी इलायची और बड़ी यानी काली इलायची। काली इलायची का इस्तेमाल ज्यादातर सर्दियों में ही किया जाता है क्योंकि यह तासीर में गर्म होती हैं। हरी इलायची वाला दूध पाचन क्रिया ठीक रखता हैं इससे तनाव,एसिडिटी दूर होती है। इसके अलावा सांसों में बदबू दूर होती है।

**7. काली मिर्च**

खाने में काली मिर्च का अलग ही स्वाद आता है। सर्दी-जुकाम और खांसी से बचाव के साथ मलेरिया व वायरल बुखार में भी फायदा पहुंचाती हैं काली मिर्च। यूरिक एसिड के मरीजों के लिए काली मिर्च खाना फायदेमंद होता है।

**8. हींग**

तासीर से गर्म हींग पित्त प्रधान होती है। गर्भवती को इसका सेवन नहीं करना चाहिए। हींग पेट की गैस को दूर करती है। इसे गुड़ के साथ खाने से पेट के कीड़े नष्ट होते हैं

**9. मेथी दाना**

मेथी से विटामिन ए , केल्शियम , आयरन , पोटैशियम तथा बी कॉम्लेक्स मिलता है। यह मधुमेह, जोड़ों के दर्द आदि से बचाव करती है। बालों के लिए इसे बहुत अच्छा माना जाता है।

**10. दालचीनी**

सदियो से आयुर्वेद में इसे औषधीए रूप से इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें कैल्शियम, मैगनीज व आयरन भरपूर होता है।

- वजन घटाने में बेहद कारगर
- एसिडिटी में फायदेमंद
- कैंसर से बचाव
- सर्दी खांसी से राहत

**11. राई**

राई शरीर में गैस नहीं बनने देती और पाचन को सही रखती हैं। इसे अगर आप छाछ के साथ छोंक लगाकर पीए तो दस्त की परेशानी ठीक होती हैं।

**12. धनिया**

धनिए की तासीर ठंडी होती है। ये एसिडिटी , पेट की गर्मी, पेशाब की जलन, शरीर की जलन आदि को दूर रखती है। बवासीर के मरीजों को इसका सेवन करने से आराम मिलता है।



# 'आदिपुरुष' पर भड़के बीजेपी विधायक राम कदम

## महाराष्ट्र में फिल्म रिलीज नहीं होने देने की धमकी

**महाराष्ट्र :** प्रभास और सैफ अली खान की फिल्म 'आदिपुरुष' को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया से लेकर फिल्मी घराने में भी जहां 'आदिपुरुष' में रावण के लुक और छवि को लेकर विरोध जताया जा रहा है, वहीं राजनीतिक महकमे में भी फिल्म के खलिाफ सुर तेज हो गए हैं। मध्य प्रदेश के मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने जहां पिछले दिनों फिल्म के डायरेक्टर ओम राउत को चिट्ठी लिखकर फिल्म से आपत्तजिनक सीन हटाने की मांग की, वहीं अब महाराष्ट्र के घाटकोपर से बीजेपी विधायक राम कदम ने चेतावनी दी है कि वह महाराष्ट्र में फिलम को रिलीज नहीं होने देंगे। राम कदम ने गुरुवार सुबह एक के बाद एक दो ट्वीट्स में कहा है कि फिल्म मेकर्स ने ओछी पब्लीसिटी पाने के लिए देवी-देवताओं का अपमान किया है। ऐसी घनिौनी सोच को सबक सिखाने के लिए फिल्म पर आजीवन बैन लगाने





की जरूरत है। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब उन्होंने ऐसा कुछ कहा हो। दो साल पहले भी जब फिल्म का पोस्टर आया था, तब भी राम कदम ने 'आदिपुरुष' का इसी तरह विरोध किया था। बीजेपी विधायक और प्रवक्ता फेंर्डे ने 10 बजकर 18 मिनट पर दो ट्वीट्स किए और लिखा, 'Adipurush फिल्म को महाराष्ट्र की भूमि में प्रदर्शित नहीं होने देंगे।' उन्होंने आगे कहा कि आदिपुरुष फिल्म से एक बार फिर फिल्म मेकर्स ने ओछी पब्लिसिटी पाने के लिए देवी-देवताओं का अपमान कर करोड़ों हिंदुओं की श्रद्धा और आस्था को आहत किया है। ऐसे में अब समय आ गया है। सिर्फ माफीनामा से काम नहीं चलेगा। वैसे, जानकारी के लिए बता दें कि 'आदपुिरुष' अगले साल 12 जनवरी 2023 को रिलीज होने वाली है।

**'आदिपुरुष' के मेकर्स पर बैन लगाने की मांग**


अपने दूसरे ट्वीट में राम कदम ने लिखा है कि फिल्म के सीन को काट-छांट कर दिखाने से काम नहीं चलेगा। ऐसी घनिौनी सोच को सबक सिखाने के लिए इस तरह की किसी भी फिल्म को आजीवन पूरी तरह से बैन और जिम्मेदार लोगों को भी इस इंडस्ट्री में काम करने से कुछ साल के लिए बैन कर देना चाहिए। बीजेपी विधायक के मुताबिक, यह इसलिए जरूरी है कि ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी हिम्मत नहीं करे।


**राम कदम ने 2020 में भी किया था 'आदिपुरुष' का विरोध**

वैसे, 'आदिपुरुष' को लेकर राम कदम का यह विरोध नया नहीं है। 6 दिसंबर 2020 को भी जब फिल्म का टीजर पोस्टर आया था, तब भी राम कदम ने इस फिल्म का विरोध किया था। राम कदम तब सैफ अली खान के एक बयान पर भड़क गए थे, जिसमें एक्टर ने एक इंटरव्यू में कहा था कि फिल्म में वह रावण के कर्मों को न्याय संगत यानी सही दिखाएंगे। सैफ के इसी बयान पर बीजेपी प्रवक्ता और विधायक राम कदम भड़क गए। हालांकि, बाद में सैफ ने इस पर माफी भी मांग ली थी।

# अंबानी परिवार को धमकी देने वाला बिहार से गिरफ्तार...!

## मुंबई ला रही पुलिस





**दरभंगा :** जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी के परिवार को धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को मुंबई पुलिस ने बिहार पुलिस के सहयोग से आज दरभंगा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि मुंबई से आई पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से सुबह पांच बजे छापा मारकर एक व्यक्ति राकेश मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे गिरफ्तार करने के बाद अपने साथ मुंबई लेकर चली गई है। गौरतलब है कि बुधवार को रिलायंस फाउंडेशन के मुंबई स्थित अस्पताल में फोन कर किसी अज्ञात व्यक्ति ने अस्पताल को बम विस्फोट कर उड़ा देना और मुकेश अंबानी तथा उनके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी थी।

## बांद्रा वर्ली सी लिंक सड़क हादसा

# मुंबई पुलिस ने आरोपी ड्राइवर इरफान को किया गिरफ्तार, 5 लोगों की हुई थी मौत

**मुंबई :** दशहरा की सुबह यानी पांच अक्तूबर को बांद्रा वर्ली सी लिंक पर चार कार और एंबुलेंस की एक साथ भीषण टक्कर हो गई जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं 12 लोग मामूली रूप से घायल हो गए। फिलहाल सभी घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। ताजा जानकारी के अनुसार इस मामले में एक एसयूवी चालक को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया है।

**एसयूवी चालक गिरफ्तार**

मुंबई पुलिस ने गुरुवार को एसयूवी के चालक को गिरफ्तार कर लिया है जिसने 5 अक्तूबर को बांद्रा वर्ली सी लिंक पर तीन अन्य कारों



और एक एम्बुलेंस को टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम आठ घायल हो गए। आरोपी की पहचान इरफान अब्दुल रहीम बेलकिया के रूप में हुई है। उसके खिलाफ धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक बांद्रा वर्ली सी लिंक पर एक गाड़ी पहले से दुर्घटनाग्रस्त हुई थी जिसके घायलों को लेने के लिए एंबुलेंस को बुलाया गया था। साथ ही कुछ वाहन भी सड़क किनारे खड़े हुए थे। इसके बाद वहां एक तेज गति से आ रही स्वरु ने एंबुलेंस और वहां खड़े वाहनों को टक्कर मार दी जिससे पांच लोगों की मौत हो गई। इसके बाद वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। जिसके बाद वहां राहत बचाव की टीम पहुंची। फिर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।


**पीएम मोदी ने जताया दुख**

मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर हुए हादसे पर पीएम मोदी ने भी दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा कि लोगों की मौत से आहत हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। मैं आशा करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं वे शीघ्र स्वस्थ हों।

# मुंबई में दिन दहाड़े घर में घुसे चोर...!

**मुंबई:** सपनों की नगरी मुंबई से एक होश उड़ा देने वाली खबर सामने आई है। आपको बता दें कि नवी मुंबई के सीबीडी बेलापुर इलाके में चोरों की घटनाओं से नागरिकों में बेहद दहशत का माहौल है। चोरों के लिए घर का ताला तोड़ना, घर में घुसना, घर का सामान तोड़ना और ढेर सारा सोना-चांदी, पैसा और जेवर ले जाना कितना भयानक है। चोरों ने इतनी चोरी करने की हिम्मत कैसे की? क्या उन्हें पुलिस का डर नहीं है? इस मौके पर ऐसे कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।

सीबीडी बेलापुर में दो दिन पहले चार घरों में चोरी हुई है। इस घटना के बारे में यह पता चला है कि इस घर में चोरी कर चोरों ने लाखों का कीमती सामान लूट लिया। जी हां चोरों ने सोने के जेवरात से हाथ साफ कर लिया है। ऐसे में उन्होंने चांदी के जेवर और पैसे भी लूट लिए हैं। इसमें विदेशी मुद्रा के नोट भी शामिल हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सब करते हुए आरोपी



सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गए हैं। सीसीटीवी कैमरे में उनके चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस उसी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों पर नजर रख रही है। इस संबंध में सीबीडी बेलापुर थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

बता दें कि नवी मुंबई में चोरी या चोरी का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। हालांकि चोरों का डर नहीं है। कुछ दिन पहले पुलिस ने एक सराय में एक चोर को हथकड़ी लगा दी थी। यह चोर बड़ा ही डरावना था। वह नवी मुंबई की सड़कों पर नंगे कपड़ों में घूमता था।

वह अपने शरीर पर तेल लगाता था ताकि अगर कोई उसे पकड़ ले तो वह तुरंत बच सके। शुरू में ये चोर चोर नहीं भूत है या क्या? नागरिकों में ऐसा डर पैदा हो गया था। लेकिन वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। उसी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाकर उसे दबोच लिया। फिलहाल चोरों की इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com